INDIAN SCHOOL SOHAR **SET-2**

PERIODIC TEST- I(2024-25)

SUBJECT- HINDI

CLASS : VII **MAX MARKS: 20**

DATE :20/05/2024 **TIME: 40 MINUTES**

सामान्य निर्देश : 1. इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं – खंड 'क' और खंड 'ख'।

2. कुल प्रश्नों की संख्या सात है।

3. प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

खंड 'क' (व्याकरण)

प्रश्न 1. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध वर्तनी रूप लिखिए:- **(2)**

(क) कार्यकर्म (ख) पांचवा

प्रश्न 2. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों के शुद्ध वाक्य लिखिए:- **(2)**

(क) तुम तुम्हारा काम करो।

(ख) रीमा, मीता और रमा आएगी।

प्रश्न 3. 'प्रकृति' शब्द के दो सही पर्यायवाची शब्द लिखिए। **(1)**

खंड 'ख' (साहित्य)

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:- **(3)**

(क) नीड़ (ख) भाव-भंगी (ग) विराट

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों/मुहावरों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:- **(2)**

(क) अनुपम (ख) मन उचट जाना

प्रश्न 6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प वाले उत्तर लिखिए:- **(4)**

वास्तव में सिंधु और ब्रहमपुत्र स्वयं कुछ नहीं हैं। दयालु हिमालय के पिघले हूए दिल की एक-एक बूँद न जाने कब से इकट्ठा हो-होकर इन दो महानदों के रूप में समुद्र की ओर प्रवाहित होती रही है। कितना सौभाग्यशाली है वह समुद्र जिसे पर्वतराज हिमालय की इन दो बेटियों का हाथ पकड़ने का श्रेय मिला!

(i) गद्यांश में किन दो नदियों के बारे में बताया गया है?

(क) गंगा, सतलुज (ख) सिंधु, ब्रहमपुत्र

(ग) सतलुज, ब्रहमपुत्र (घ) यमुना, सिंधु

P.T.O.

(ii) पर्वतराज हिमालय को कैसा बताया गया है?

(क) दयालु (ख) ईमानदार

(ग) क्रूर (घ) दानवीर

(iii) गद्यांश के अनुसार ये नदियाँ कैसे बनी है?

(क) समुद्र के जल से (ख) बारिश के पानी से

(ग) हिमालय पर जमी बर्फ़ के पिघलने से (घ) धरती के पिघलने से

(iv) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:-

कथन(A) - समुद्र सौभाग्यशाली है।

कारण(R) - वह बहुत विशाल और सुन्दर है।

<u>विकल्प</u>

(क) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (3×2=6)

(क) हमारे जीवन में नदियों का क्या महत्त्व है? कोई दो महत्त्व लिखिए।

(ख) लेखक हिमालय की प्रशंसा क्यों करता है?

(ग) नदियों को लेखक ने हिमालय की बेटियाँ कहकर क्यों संबोधित किया है?

(घ) पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?

****